दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-pariahargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 12 | अंक 316 | छतरपुर, रविवार 16 जून 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## सरकोहा क्षेत्र मे अवैध रुप से चल रही थीं हीरा की खदाने मशीनो से हो रहा था उत्खनन

### एस.डी.एम के नेतृत्व में की गई कार्यवाही, तीन पोकलेन मशीनें जप्त

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले मे रेत तथा हीरे की अवैध खदानो के संचालन के मामले आये दिन सुर्खियों मे बनें हुए है। अभी कुछ दिन पूर्व अजयगढ एसडीएम कुशल सिंह गौतम द्वारा अवैध रेत कारोबारियो के खिलाफ बडी कार्यवाही की गई थी। उसके बाद पन्ना एसडीएम संजय नागवंशी के नेत्रत्व में पन्ना तहसील अन्तर्गत सरकोहा ग्राम मे शासकीय भूमि पर चल रही हीरे की अवैध खदानो पर कार्यवाही करते हुए पांच पोकलेन मशीने पकडी गई है। उक्त मामले को लेकर लगातार शिकायते मिल रही थी। जिसको लेकर कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम संजय नागवंशी ने छापामार कार्यवाही करते हुए मशीने जप्त की है। रात्रि 12 बजे के समय उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, आर आई, पटवारी तथा पुलिस भी शामिल रही। पकडी गई पांच मशीनो मे तीन मशीना मालिको के खिलाफ नामजद कार्यवाही की गई है। जिसमें ठाकुर प्रसाद पिता भाईलाल निवासी पुरषोत्तमपुर, भूपेन्द्र सिंह पिता आरडी सिंह निवासी पन्ना, गीता गोविन्द सिकदर निवासी बडगडी खुर्द के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है तथा दो अन्य मशीनो के चालक मशीने छोडकर भाग गये थें। उक्त मशीनो को भी जप्त किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान समय मे बृजपुर क्षेत्र मे लगातार अवैध रूप से हीरे का चाल मशीनो के द्वारा खुदवाया जाता है तथा बर्षात होने पर उक्त चाल को धुलवाया जाता है। क्षेत्र भर मे दर्जनो मशीने हीरा खदान खोदते हुए दिखाई दे रही है। फिलहाल शासन द्वारा की गई उक्त कार्यवाही से हीरा माफियाओ मे हडंपक मचा हुआ है।




***इनका कहना है***

सूचना मिलने पर कलेक्टर साहब के निर्देश पर रात्रि के समय अवैध हीरा खदानो पर छापामार कार्यवाही की गई, जिसमे पांच पोकलेन मशीने पकडी गई है, दो मशीनो के चालक भाग गये है, संबंधितो के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

***संजय नागवंशी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना***

## बागेश्वर धाम पहुंचे अभिनेता संजय दत्त

### बालाजी के दर्शन कर पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से आशीर्वाद लिया



छतरपुर। छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में शनिवार शाम को बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने बागेश्वर धाम बालाजी महाराज के दर्शन किए। शनिवार शाम चार बजे मुंबई से अभिनेता संजय दत्त हवाई जहाज से निकले थे। जिसके बाद वह 6.30 बजे खजुराहो एयर पोर्ट पर पहुंचे। जहां पर धाम परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद संजय दत्त चार पहिया वाहन में सवार होकर ग्राम गढ़ा बागेश्वर धाम पहुंचे। इसके बाद अभिनेता संजय दत्त ने सबसे पहले भगवान बालाजी के दर्शन किए और परिक्रमा लगाकर माथा टेका। इसके बाद संजय दत्त ने धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मिलकर उनका भी आशीर्वाद लिया। संजय दत्त ने बागेश्वर धाम आकर कहा कि यह देश और दुनिया की लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है, यहां भक्तों की आस्था देखकर अभिभूत हो गया हूं। महाराज जी से मिलकर ऐसा लगा कि जैसे मैं इन्हें वर्षों से जानता हूं, उनके साथ जो वक्त बिताया, वह मेरे जीवन का सबसे अच्छे वक्त में से एक है और मैं बार-बार बागेश्वर धाम आऊंगा। यह अद्भुत स्थान है, बालाजी सरकार की अद्भुत कृपा इस स्थान पर बनी हुई है।

## आत्महत्या के मामले की पुलिस करेगी गहन जांच

छतरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री मंदिर के पास रहने वाले 28 वर्षीय हरिओम पुत्र रामसेवक असाटी ने गुरूवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात कथित तौर पर करियर की चिंता के दबाव में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार को पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया था। मृतक के भाई दीपक असाटी ने बताया था कि पिछले कुछ दिनों से हरिओम अपने करियर को लेकर बेहद चिंतित था। हालांकि अब कुछ नए तथ्य सामने आए हैं, जिसके चलते यह मामला संदिग्ध हो गया है। दरअसल ऐसी जानकारी मिली है कि मृतक हरिओम ने कुछ लोगों से पैसे लिए थे, जिसे वह लौटा नहीं पा रहा था और संबंधित लोगों के द्वारा उसे परेशान किया जा रहा था। बहरहाल कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने मामले की गंभीरता से जांच करने की बात कही है।

## एसपी ने किया राम-जानकी मंदिर के पास जनसंवाद

### मफियाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

छतरपुर। जिले में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु सभी नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा निरंतर भ्रमण कर आम जनमानस को भयमुक्त परिवेश का एहसास कराने हेतु जन संवाद किया जा रहा है। साथ ही गैर कानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण व जन समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते रोज कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड पर राम जानकी मंदिर के पास पुलिस अधीक्षक ने पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों से परिचय के साथ क्षेत्र की गतिविधियों व समस्याओं पर भी चर्चा की गई।



इस अवसर पर एसपी श्री जैन ने कोतवाली थाना प्रभारी को अवैध शराब, जुआ, सट्टा माफियाओं पर सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीड़ी अवैध कार्यों में संलिप्त होती दिखाई दे रही है। बच्चों को बुरे कामों से रोकना परिवार की जिम्मेदारी है। अगर गली मुहल्ले में कोई भी अवैध गतिविधि होती है, कोई भी गुण्डा बदमाश किसी को परेशान करता है तो इसकी जानकारी थाने में दे। पुलिस अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करेगी। उन्होंने बताया कि जनसंवाद का उद्देश्य यही है कि क्षेत्र में माहौल अच्छा बना रहे। रात में भी निकलते समय लोग भयभीत न हों। निगरानी गुंडा बदमाशों एवं आदतन अपराधियों पर निरंतर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। श्री जैन ने अपील करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार शांतिपूर्ण मनाए,सोशल मीडिया पर चर्चा करते हुए सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक व विवादित पोस्ट ना डाले, यदि कोई डालता है तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाने व कार्यालय में दें, स्वयं कोई निर्णय न लें, संबंधित के विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान आम जनता के सवाल के जवाब भी पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए। पुलिस और आप एक दूसरे का सहयोग करें पुलिस आपके साथ है। जन संवाद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक व उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने संपर्क नंबर भी साझा किये। कार्यक्रम में सीएसपी अमन मिश्रा, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर एवं जनप्रतिनिधि तथा नगर वासी उपस्थित रहे।

## विश्व रक्तदान दिवस पर आकांक्षा ने किया रक्तदान

### दुर्लभ रक्त समूह से रात्रि में बचाई प्रसूता की जान

छतरपुर । रक्त और रक्तदान का महत्व रक्तदानी ही बेहतर समझता है । जब जिंदगी बचाने की बात आती है तो रक्तवीर सेवा दल की रक्तवीरांगनाएं भी पीछे नहीं हटती ।



ऐसी ही विषम परिस्थिति अचानक प्रसूता रोहिणी यादव के साथ उत्पन्न हो गई । गर्भवती महिला को तत्काल दुर्लभ रक्त समूह का रक्त चढ़ना था और ब्लड बैंक में यह दुर्लभ रक्त उपलब्ध नहीं था । यह बात जब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की जानकारी में आई तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए रक्तवीर सेवा दल के अमित जैन से संपर्क किया । अमित जो की अपने निजी काम से प्रदेश के बाहर थे मगर परिस्थिति को भांपते हुए तुरंत सक्रिय हुए और रात में ही दुर्लभ रक्त समूह की मालिक रक्तवीरांगना आकांक्षा खरे को ब्लड बैंक भेजकर रक्तदान कराया । आकांक्षा के रक्तदान से प्रसूता रोहिणी यादव और उनके गर्भ में पल रही नन्हीं सी जान बच गई ।

## सरयू को रक्त रंजित करने वाले अयोध्या में चुनाव जीते, राम के कार्य में समर्पित कार्यकर्ता चुनाव हारे ये चिंता का विषय- साक्षी महाराज

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। वृंदावन (मथुरा)। भाजपा के सात बार से सांसद स्वामी साक्षी महाराज शुक्रवार को धर्म नगरी वृंदावन पहुंचे। यहां पर परिक्रमा मार्ग स्थित अपने आश्रम पर साक्षी महाराज ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे भगवान बांकेबिहारी, राधारानी, श्रीराम और ब्रजवासियों का आशीर्वाद मिला है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले मथुरा से चुनाव जीता और फिर लगातार बड़े-बड़े नेताओं की जमानत जब्त कराकर सात बार सांसद बना, जोकि किसी अदृश्य शक्ति की कृपा मुझ पर है, वहीं उन्होंने अयोध्या से भाजपा की हार पर बोला कि मैं समझता हूं अयोध्या पर विकास नहीं



जातिवाद ने चुनाव जीता है, जबकि वहां पांच विधानसभा हैं, लेकिन शहर अयोध्या में हम जीते हैं। सपा प्रत्याशी का जातिगण वोट ज्यादा होने के कारण ग्रामीण इलाकों में उनकी जीत होना चिंता की बात है।

जबकि वहां प्रधानमंत्री मोदी ने विकास कार्य तेजी से किए, एयरपोर्ट बना, श्रीराम मंदिर बना, सड़क और मार्केट बने, मगर फिर भी जिन्होंने सरयू में खून बहाया उनकी जीत हुई और रामभक्त कार सेवक हार गए। यह आश्चर्य की बात है समाज और हिंदुत्व की बात करने के साथ हमारी पार्टी के लिए भी। वहीं श्रीकृष्ण जन्मभूमि और ईदगाह विवाद को लेकर कहा कि जैसे अयोध्या में राममंदिर बना है, वैसे ही मथुरा में श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बनेगा। जन्मभूमि के हित में कोर्ट भी फैसला देगी।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट जिला छतरपुर (म.प्र.)**

क्रमांक - 0007/25-पुलिस एक्ट/2023 दिनांक - 5.6.24

**आम इश्तहार सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना मातगुवॉ जिला छतरपुर के इस्तगासा क्रमांक 02/2016,01/2015,01/2023 एवं 02/23 धारा 25 पुलिस एक्ट का प्राप्त हुआ है। जिसमे दो पहिया वाहन 11 नग मो. सा. एवं 01तीन पहिया वाहन आटो का जरजर एवं कबाड़ हालत में है जो काफी समय से कंडम की स्थिति में थाना मातगुवॉ में रखे हुये है। वाहन का वर्तमान अनुमोदित आफसेट मूल्य के आधार पर किया जावेगा। अधिकतम वोली को विक्रेता घोषित किया जायेगा। निविदा के समय धरोहर राशि तत्काल जमा होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगा। धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारो की धरोहर राशि वापस की जाकर कोई आपत्ति मान्य नही होगी। तीन दिन में संपूर्ण राशि जमा करनी होगी वरना धरोहर राशि राजसात होगी निविदा का वाहन का अवलोकन नीलामी के समय कर सकते है बाद में कोई आपत्ति मान्य नही होगी। नीलामी विक्रय उपरान्त पुलिस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा। निविदा की अंतिम प्रक्रिया तक किसी भी बिन्दु पर निर्णय का अंतिम का अंतिम अधिकार निर्णय अधिकारी का होगा। निविदाकार को फोटो युक्त पहचान पत्र स्वप्रमाणित देना होगा। प्रत्येक निविदाकार को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/-रुपये केश रशीद के रूप में जमा करने होगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नही होंगे धरोहर राशि राजकोष मे जमा की जायेगी। उपरोक्त जप्तशुदा वाहन 12 नग धारा 25 पुलिस एक्ट में है। इन वाहनो के स्वामित्व धारियों को आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक ------- तक थाना मातगुवॉ जिला छतरपुर में मूल दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक उपस्थित नही होने पर दिनांक-18-6-24- के बाद उक्त जप्तशुदा वाहनो की नीलामी निष्पादित की जावेगी। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनो पर कोई विचार नही किया जायेगा। नीलामी बोलीदार को नीलामी के समय 30 प्रतिशत की राशि जमा करनी होगी ।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट
अनुभाग छतरपुर जिला छतरपुर

Sub Divisional Magistrate CHHATARPUR (M.P.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट जिला छतरपुर (म.प्र.)**

क्रमांक - 0007/25-पुलिस एक्ट/2023 दिनांक - 5.6.24

प्रति,

श्रीमान उपसंचालक महोदय,
सूचना एवं प्रकाश विभाग, जनसंपर्क संचालनालय

**सूचना पत्र**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना मातगुवां जिला छतरपुर के इस्तगासा क्रमांक 02/2016, 01/2015,01/2023एवं 02/23 धारा 25 पुलिस एक्ट का प्राप्त हुआ है । जिसमे दो पहिया वाहन 11 नग मो. सा. एवं 01तीन पहिया वाहन आटोधारा 25 पुलिस एक्ट का जरजर एवं कबाड़ हालत में है एवं जो काफी समय से कंडम की स्थिति में थाना मातगुवॉ में रखे हुये है ।

उपरोक्त जप्तशुदा 12 नग दो पहिया वाहन मो. सा. व 01तीन पहिया वाहन आटो काधारा 25 पुलिस एक्ट में है इन वाहनो के स्वामित्व धारियों को आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक -------तक पुलिस थाना मातगुवॉ में मूल दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें नियत तिथि तक उपस्थित नही होने पर दिनांक 18-6-24---- के बाद उक्त जप्तशुदा वाहनो की नीलामी निष्पादित की जावेगी । नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनो पर कोई विचार नही किया जायेगा । कृपया आम सूचना प्रकाशित कराने की कृपा करें ।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट
अनुभाग छतरपुर जिला छतरपुर

Sub Divisional Magistrate

---

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना मातगुंवा के इस्तगासा धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्तसुदा 12 दो पहिया वाहन, 1 तीन पहिया वाहन विभिन्न कंपनियों के जरजर एवं कवाड हालत में है एवं जो काफी समय से कंडम की स्थिति में थाना मातगुंवा परिसर में रखे हुये है।

उपरोक्त जप्तशुदा दो पहिया 12 दो पहिया व 1 तीन पहिया वाहन धारा 25 पुलिस एक्ट में है। आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि वाहनों की नीलामी दिनांक 18 जून 2024 को थाना मातगुंवा परिसर में है। पुलिस थाना मातगुंवा जिला छतरपुर में मूल दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में शामिल हों। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनो पर कोई विचार नही किया जावेगा।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट जिला छतरपुर (म.प्र.)**

क्र. 07/25-पुलिस एक्ट/23 दिनांक 5.6.24

**सार्वजनिक उदघोषणा**

इस न्यायालय में थाना मातगुवॉ जिला छतरपुर में जप्तशुदा वाहन 12 नग धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त कर राजसात की प्रक्रिया प्रचलन में है। पुलिस रेग्यूलेशन की धारा 26,27 में 25 पुलिस एक्ट के अधिकारो का उपयोग करते हुये थाना मातगुवॉ जिला छतरपुर का प्रतिवेदन इस्तगासा क्रमांक02/2016, 01/2015,01/2023एवं 02/23 धारा 25 पुलिस एक्ट का प्राप्त हुआ है। जिसमे दो पहिया वाहन 11 नग मो. सा. एवं 01तीन पहिया वाहन आपे आटोधारा 25 पुलिस एक्ट में विधिवत नियमानुसार जप्त किये गये है। जिसे इस न्यायालय एक्ट में द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये वाहनो को राजसात करने की प्रक्रिया प्रचलन में है उक्त संपत्ति के राजसात करने व जप्त करने के संबंध में यदि किसी संस्था/ व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन 15 दिवस की अवधि के भीतर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)छतरपुर के न्यायालय जिला छतरपुर में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही होगी। वाहनो को राजसात कर आम नीलामी से शासन हित मे विक्रय किया जायेगा ।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट
अनुभाग छतरपुर जिला छतरपुर

Sub Divisional Magistrate

---

**कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी,अनुभाग-छतरपुर जिला छतरपुर म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक/0007/25-पुलिस एक्ट/2023 छतरपुर, दिनांक 5-6-24

**// आदेश //**

पुलिस थाना प्रभारी थाना मातगुवॉ जिला छतरपुर द्वारा प्रस्तुत इश्तगासा क्रमांक 02/2016,01/2015,01/2023एवं 02/23 धारा-25 पुलिस एक्ट द्वारा जप्तशुदा किता-12 नग दो पहिया वाहनो की नीलामी हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में तदाशय की सार्वजनिक सूचना दिनांक 26.06.2023 को की जा चुकी है। 6 माह पूर्ण होने पश्चात् उक्त वाहनों के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई है।

उपरोक्त वाहन लावारिस होने से उनकी नीलामी दिनांक 18.6.24 को होना प्रस्तावित है। अतः उक्त कार्य सम्पादन हेतु निम्नानुसार दल गठित किया जाता है :-

| क्र | नाम | पद | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामनरेश गौतम | तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी | अध्यक्ष |
| 2 | श्री प्रदीप शर्मा | थाना प्रभारी थाना मातगुवॉ जिला छतरपुर | सदस्य |
| 3 | श्री कमलेश मिश्रा | एस.डी.ओ. लोक निर्माण विभाग छतरपुर | सदस्य |
| 4 | श्री भैरवदीन कौल | सहायक ग्रेड-2 आर.टी.ओ. कार्यालय छतरपुर | सदस्य |
| 5 | श्री जय हिंद सिंह घोष | राजस्व निरीक्षक मंडल मातगुवॉ तहसील छतरपुर | सदस्य |

अनुविभागीय दण्डाधिकारी
अनुभाग छतरपुर (म.प्र.)

Sub Divisional Magistrate





# जर्जर हो चुका स्कूल का भवन शिक्षा विभाग कर रहा बड़ी दुर्घटना का इंतजार



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर में एक स्कूल जर्जर अवस्था में है जिसमे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है ऐसे में जिला प्रशासन का ध्यान इस तरफ गया अभी मगर शिक्षा विभाग द्वारा इस पर अभी तक कर कार्रवाई नहीं की जा रही है शिक्षा विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि उसकी इस मामले में कोई जानकारी नहीं है और यह डियर ठोस द्वारा कार्य कराया जाता है ऐसे में नया सत्र शुरू होने वाला है बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ की जिम्मेदारी किसकी बनेगी 2023 से नगर निगम द्वारा एक पत्र के मार्ग पर एक इंजीनियर के द्वारा निरीक्षण कराया गया था और उसने अपनी पत्र में जिला शिक्षा अधिकारी को उससे अवगत भी कराया गया था नगर निगम द्वारा जो पत्र लिखा गया उपरोक्त विषयांतर्गत कटरा वार्ड पदमाकर स्कूल में पूर्व से निर्मित उर्दु शाला भवन का उपयंत्री नगर पालिक निगम सागर द्वारा स्थल परीक्षण किया गया। उक्त भवन की दीवालों का प्लास्टर गिर रहा है तथा लोहे की छड़ों में जंग इत्यादि लगने के कारण भवन जर्जर एवं क्षतिग्रस्त होने से अचानक गिरने से कोई भी अप्रिय दुर्घटना घटित होने से जनधन की हानि की संभावना है। उक्त भवन छात्र/छात्राओं के लिये अध्ययन हेतु उपयुक्त नहीं है।

अतः अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिये शिक्षा हेतु अन्यत्र व्यवस्था करने का कष्ट करें। परंतु इस पत्र के बावजूद 6 महीने बीत जाने के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है परंतु शिक्षा विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।

# प्रातः सूर्योदय के पूर्व उठना चाहिए जिससे हमें शुद्ध वायु प्राप्त हो सके-महेश अग्रवाल

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन





**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में 5 जून से 15 जून 2024 तक चलने वाले निशुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन मां सरस्वती के पूजन अर्चन से किया गया। समापन सत्र में विभिन्न विधाओं जैसे नृत्य, योग, व्यायाम, इंग्लिश स्पोकन, वैदिक गणित, खो खो, कबड्डी, गीता पाठ, निशानेबाजी, लाठी योग, कराते के प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमति विद्या देवी गौर ने सभी भैया बहिनों को बधाई व शुभकामनाएं दी, व विद्यालय को 5000 राशि का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजय सिंह ठाकुर ने संस्कृति और सभ्यता के साथ स्कूल के समर कैंप के आयोजन की बधाई एवं आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस समर कैंप में सभी स्कूल के बच्चों का समावेश हुआ है। जिससे उनके बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक क्षमताओं का विकास हुआ है। आजकल जो कल्चर हम भूलते जा रहे हैं वह सरस्वती शिशु मंदिर अभी भी बनाए हुए हैं। यहां पर अनुशासन और संस्कार सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला सचिव महेश अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजकल हम देखते हैं कि भैया बहिन पाठ्यक्रम की पुस्तकों के अलावा अन्य किसी पुस्तक का अध्ययन नहीं करते हैं। अतः सभी भैया बहिनों को गीता, रामायण, मानस पाठ करना चाहिए। आजकल जो व्यक्ति सफल हुए हैं, उन्होंने महाभारत, रामायण पाठ का अध्ययन किया है। वे कभी असफल या पराजित नहीं हुए हैं। हिंदी, संस्कृत के सही उच्चारण के लिए गीता का अध्ययन करना एवं गीता क्लास को ज्वाइन करना। दिनचर्या व्यवस्थित करना, घर के बने भोजन का उपयोग अधिक, बाजार के बने भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। हमारे वायुमंडल में शुद्ध वायु की कमी हो गई है। प्रातः सूर्योदय के पूर्व उठना चाहिए। जिससे हमें शुद्ध वायु प्राप्त हो सके। घर के बने हुए भोजन का प्रयोग करें जंक फूड, फास्ट फूड खाने से अटैक आने की संभावना बहुत बढ़ रही है। अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया ने बताया कि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास किस प्रकार हो, इस हेतु यह शिविर रखा गया है। आपने जो यहां सीखा उसका आगे अभ्यास करें। हमारे विद्यालय में बीना की एकमात्र ञरुद्द्वद्वड्ड है जिससे भैया बहिनों में वैज्ञानिक सोच विकसित की जाती है।मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागी भैया बहिनों को पुरस्कार के रुप में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिथि परिचय राकेश नामदेव, तथा अतिथि स्वागत रामसेवक शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शरद पटेल, राजकुमार भिलवारे समस्त आचार्य परिवार एवं अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

# ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा । नगर पालिका भवन में शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें आगामी त्यौहार ईद का त्यौहार एकता और भाईचारे के साथ मनाने पर चर्चा की गई ।एवं थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने कहा कि किसी प्रकार की अपवाह पर ध्यान ना दें ।त्योहारों का उद्देश्य होता है कि आपस में प्यार बांटना और एक दूसरे के साथ एक जुटता और भाईचारे से खुशियां मनाना ।बैठक में नगर पालिका ईद के दिन साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं नवाज अदा किए जाने वाले स्थान पर विशेष साफ सफाई करने के लिए कहा गया ।और बिजली विभाग के अधिकारी को बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने को कहा गया । थाना प्रभारी ने बैठक में साइबर क्राइम की प्रति जागरुक करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी नंबर शेयर न करें ।और न ही किसी अनजान के साथ आधार नंबर, पैन कार्ड, ईमेल आईडी आदि किसी तरह की निजी जानकारी साझा न करने की अपील की है और मोबाइल में अनेक प्रकार के मैसेज आते हैं जिनको क्लिक करते ही आपका सारा डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है आप ठगी के शिकार भी हो सकते हैं। इसकी शिकायत संबंधित थाने में अवश्य दर्ज कराये। बैठक में शहर मुस्लिम कमेटी अध्यक्ष नासिर खान ,सीएमओ धनंजय गुमास्ता, जेई ओपी अग्रवाल ,पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत यादव ,पार्षद शेख सगीर ,अनवर अली ,शरीफ ठेकेदार, प्रदीप शर्मा, अमित उपाध्याय, जनभागीदारी सदस्य विवेक साहू सहित ??गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कई साल पहले के डाले गए गर्डर को रेल विभाग ने बदला

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ झांसी रेल लाइन पर स्थित मोतीचूर नदी पर कई सालों से डले पुराने गर्डर को आखिरकार बदल दिया गया है। इस कार्य के कारण रेलवे ने तीन घंटे का ब्लॉक लिया था।

***तीन घंटे का ब्लॉक लेकर किया गया कार्य***

मिली जानकारी के अनुसार बीना-झांसी लाइन पर स्थित मोतीचूर नदी पर कई साल पहले गर्डर डाले गए थे, जो पुराने हो चुके हैं। रेलवे ने सुरक्षा की दृष्टि से इन्हें बदला है। यह काम दिल्ली-मुंबई लाइन पर किया गया है और इन लाइनों से हर दिन सैकड़ों ट्रेनें निकलती हैं। यह



कार्य बीना रेलवे स्टेशन से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर किया गया है, लेकिन यहां से एनसीआर की सीमा शुरू हो जाती है। मेगा ब्लॉक बीना-आगासौद के बीच अप लाइन पर करीब तीन घंटे का लिया गया था। रेलवे ने झांसी की ओर से आने वाली सभी ट्रेनों के निकलने के बाद ब्लॉक शुरू किया, जिससे यात्री यातायात भी प्रभावित नहीं हुआ।

***रेलवे के अधिकारी रहे मौजूद***

इस कार्य को पूरा कराने के लिए रेलवे के सभी विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने पहले ओएचइ लाइन को हटवाया। इसके बाद ब्लॉक समय के अंदर ही काम को पूरा किया गया और अप लाइन को भी चालू कर दिया गया।

***इन ट्रेनों पर हुआ असर***

कार्य के दौरान अप लाइन से आने वाली गोखरपुर एक्सप्रेस को एनसीआर में करीब 30 मिनट रोककर रखा गया। इसके अलावा ललितपुर-बीना मेमू एक्सप्रेस को भी एनसीआर में करीब 25 मिनट रोककर रखा गया।

# डाक पार्सल वाहन ने बाइक को मारी टक्कर: बाइक सवार युवक गंभीर घायल; जिला अस्पताल सागर किया रेफर

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/खिमलासा रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के पास डाक पार्सल वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार मंदीप सोनी (28) शनिवार को अपनी बाइक (यूपी94एसी 6163) से मड़ावरा जा रहा था। इस दौरान कि बीना के सरस्वती शिशु मंदिर के पास खिमलासा की ओर से आ रहे डाक पार्सल वाहन क्रमांक (यूपी78एचटी 9365) ने सामने से बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट राहुल मौके पर पहुंचे और घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने डाक पार्सल वाहन को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# विशाल जोन स्तरीय निरंकारी बाल समागम आज

सागर। सागर में विशाल निरंकारी जोन स्तरीय बाल समागम का आयोजन संत कवर राम स्थित सिंधी धर्मशाला में रविवार सुबह 11 बजे से 1 बजे तक किया जा रहा है। सागर जॉन के जोनल इंचार्ज नारायण दास निरंकारी ने बताया कि बच्चो में अच्छे संस्कार आए अपने धर्म के प्रति जागरूकता बड़े इसलिए ये बाल समागम का आयोजन किया जाता है इसी क्रम में सागर में बाल समागम का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सागर के अलावा गुना ,विदिशा ,टीकमगढ़ , निवाड़ी, बडा, जूडा,रहली के बच्चे भाग लेंगे ।नारायण निरंकारी ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से निवेदन किया की सभी अपने बच्चो के साथ इस बाल समागम में अवश्य पधारे

# पांच साल चलेगी केन्द्र में बीजेपी सरकार, मोदी रहेंगे प्रधानमंत्री-मंजू महाराज

## शिवराज सिंह होंगे आने वाले समय में पीएम के प्रबल दावेदार

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। केन्द्र और प्रदेश की राजनीति के साथ ही धर्म और ज्योतिष को लेकर यहां आए ज्योतिषाचार्य मंजू महाराज से खुलकर बातचीत हुई। उन्होंने भी बेबाकी से अधिकांश सवालों के जवाब दिये। उनकी भविष्यवाणियां अब तक सही साबित होती रही हैं। देश और विदेशों के बनते बिगड़ते हालातों से कई बार उन्होंने पूर्व ही अवगत कराया। मंजू महाराज से हुई चर्चा के दौरान सबसे बढ़ी बात जो सामने आई है वह यह है कि बीजेपी सरकार केन्द्र में अपना कार्यकाल पूरा करेगी और मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। लेकिन वहीं उनके बाद गद्दी सम्हालने वालों में सबसे प्रबल दावेदान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह को बताया है। इसके साथ ही प्रदेश में बीजेपी संगठन की कमान फिर किसी ब्राह्मण राजनेता को सौंपे जाने की ओर उन्होंने इशारा किया है। मंजू महाराज ने कहा है कि केन्द्र सरकार पूरे पांच साल चलेगी और मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। राजनीतिक हालात बिगड़ने के आसार दूर तक नजर नहीं आ रहे। इसी प्रकार मध्यप्रदेश की बीजेपी सरकार के सामने भी आने वाले पांच साल तक किसी प्रकार का कोई संकट नहीं रहेगा। शिवराज सिंह का राजनैतिक भविष्य और भी बेहतर होगा। आने वाले समय में मोदी जी के बाद वह ही प्रधानमंत्री होंगे। उनके पीएम बनने की संभावनाएं प्रबल हैं। मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों को विराम लगेगा और मोहन यादव ही पूरे पांच साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहेंगे। मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में देश और प्रदेश की स्थिति और बेहतर होगी। यह बात यहां मुलाकात के दौरान देश और विदेशों में भविष्यवाणी कर चुके ज्योतिषाचार्य मंजू महाराज ने कही। यहां चल रहे तीन दिवसीय ज्योतिष शिविर के दौरान हुई मुलाकात के दौरान मां ज्वैलर्स के कक्ष में ज्योतिषाचार्य मंजू महाराज भोपाल लोगों की परेशानियों को सुनने के साथ ही उनके निराकरण के बारे में उपाय भी बता रहे हैं। उन्होंने एक मुलाकात के दौरान बताया कि वह 32 वर्षों से ज्योतिष और वास्तुशास्त्र के प्रचार प्रसार में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने बीजेपी संगठन के बारे में भी भविष्यवाणी करते हुए बताया कि आने वाले समय में प्रदेश संगठन की कमान फिर ब्राह्मण राजनेता के हाथों में ही रहेगी। हालांकि उन्होंने इस मामले में किसी का नाम उजागर नहीं किया है। यहां बता दें कि मंजू महाराज ने कमलनाथ सरकार के गिरने की भी भविष्यवाणी पूर्व में की थी और कहा था कि शिवराज सिंह कोई बढ़ा धमाका करेंगे। यह दोनों ही भविष्यवाणियां सही साबित हुई थीं। कांग्रेस सरकार कुछ ही महीनों में गिर गई थी। उन्होंने कहा कि ज्योतिष को अंध विश्वास से जोडक़र नहीं देखा जाना चाहिए। यह विज्ञान का ही रूप हैं। वनारस विश्व विद्यालय में इसे पढ़ाया जाता है और हाईकोर्ट उत्तर प्रदेश ने भी इसे विज्ञान माना है। विज्ञान के बारे में पूर्ण जानकारी न होने के कारण ही लोग ज्योतिष को अंध विश्वास से जोडक़र देखने लगते हैं, जबकि यह गलत है।

*धर्म लगाता है विज्ञान पर लगाम-*

पंडित मंजू महाराज ने चर्चा के दौरान बताया कि विज्ञान बेलगाम न हो जाये, इसके लिए धर्म है। धर्म ही विज्ञान पर लगाम लगाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि धर्म इंसान को जीने का तरीका सिखाता है। ज्योतिष का ज्ञान बिना गुरू के संभव नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति पा चुके मंजू महाराज का यहां केके अग्रवाल सहित अनेक लोगों ने आत्मीय स्वागत किया और आशीर्वाद लिया। हाल ही में हुए चुनाव के दौरान भी मंजू महाराज ने प्रदेश में कांग्रेस के सफाया होने की भविष्यवाणी की थी और जानकारी के लिए बता दें कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपना प्रदेश में खाता नहीं खोल सकी है।

# दबंगों ने कर डाली तालाब पर अवैध खुदाई, जेसीबी मशीन चली

## अधिकारियों ने किया निरीक्षणे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जनपद के ग्राम पंचायत बकपुरा में अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। शुक्रवार रात गांव के कुछ लोगों ने जल संसाधन विभाग के तालाब पर अवैध रूप से खुदाई की। शनिवार को ग्रामीणों ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की। जानकारी लगते ही शनिवार को अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया है। जल संसाधन विभाग के एई वीरेंद्र सोलंकी ने बताया कि बकपुरा पंचायत के तालाब में अवैध उत्खनन की सूचना मिली थी। जानकारी लगते ही शनिवार को तालाब का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तालाब की जमीन पर अवैध खनन के प्रमाण मिले हैं। तालाब के किनारे करीब 2 फ ीट तक खुदाई कर मिट्टी निकाली गई है। उन्होंने बताया कि पूंछतांछ में पता चला है कि बीती रात खनन माफि याओं ने जेसीबी मशीन से खुदाई की। गांव वालों से अवैध खुदाई करने वालों के बारे में पूंछतांछ की जा रही है। फि लहाल पंचनामा बनाकर मौके के फ ोटोग्राफ लिए गए हैं। पूरे मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। साथ पुलिस थाने और कलेक्टर को भी सूचना दी जाएगी। ताकि तालाब की जमीन पर अवैध खनन को रोका जा सके।

*राजस्व की जमीन पर चल रही खुदाई-*

तालाब की जमीन पर अवैध खनन की जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि पंचायत में अन्य स्थानों पर राजस्व की जमीन पर अवैध खनन चल रहा है। खुदाई कर रहे लोगों को रोका गया है। इस बारे में तहसीलदार को सूचना दी गई है। राजस्व विभाग की जमीन पर खनन रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करना है।

# नगर परिषद लिधौरा में नाले की कराई गई साफ-सफाई

टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार जिले के समस्त नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जून से 16 जून तक जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु जल गंगा संबंर्धन विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत नगर परिषद लिधौरा खास में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री शिवी उपाध्याय के निर्देशन में नगर लिधौरा खास में नाले की साफ सफ ाई कराई गई। जल और वन का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है, जिसकी सुरक्षा का दायित्व भी हम सभी का है।

# चार पहिया वाहन की टक्टर से बाइक सवार घायल, चालक फरार

टीकमगढ़। जिला अन्तर्गत हादसों का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। राह चलते लोगों में हादसों के बाद से दहशत बनी हुई है। बिना नंबर और तेज रफ्तार वाहनों की संख्या में कमी आने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। यहां से झांसी हाईवे रोड पर दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बम्होरी गांव के पास शनिवार शाम करीब 4 बजे अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि टक्कर मारने के बाद चार पहिया वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में युवक को लेकर जिला अस्पताल रवाना हो गई। दिगौड़ा थाना पुलिस ने बताया कि बम्होरी गांव में संत रविदास मंदिर के पास चार पहिया वाहन चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बारे में पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि घायल सुनील वंशकार दिगौड़ा थाना क्षेत्र के बिघा गांव का निवासी है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि किसी पिकअप वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मारी। घटना में सुनील के सिर और हाथ पैर में गंभीर चोटें आई हैं। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। साथ ही उसके परिजनों को सूचना दी गई है। फिलहाल अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# चोरी हुई 02 मोटर साइकिल जप्त, आरोपी गिरफ्तार

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी द्वारा चोरी की घटनाओं पर काबू पाने और मामलों का खुलासा करने लगातार थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जा रहा है। एसपी श्री काशबानी की सक्रियता के चलते अब तक अनेक चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जा चुका है। बाईक चोरों के साथ ही अन्य चोरी की घटनाओं के आरोपियों के हवालात तक पहुंचने से अपराधों में जहां कमी आने लगी है, वहीं अपराधियों में भी दहशत बनी हुई है। बताया गया है कि एसपी श्री काशबानी द्वारा चोरियों के अपराधों का खुलासा कर आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी गया माल मसरूका बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम एएसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक अरविंद सिंह दाँगी के नेतृत्व में थाना जतारा पुलिस द्वारा आरोपी मुलायम लोधी, पुष्पेन्द्र लोधी दोनों निवासी इटायल थाना लहचुरा जिला झाँसी को गिरफ्तार कर उनसे थाना जतारा क्षेत्र से हुई चोरी 2 मोटर साइकिल जप्त की गई। पूंछतांछ में इनके द्वारा थाना जतारा, पलेरा, खरगापुर, नौगाँव में मोटर साइकिल चोरी करना कबूल किया है। जिस पर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक अरविंद सिंह दाँगी, प्रआर शिवसरण, नरेंद्र लोधी, अमरचंद, आरक्षक राघवेंद्र सिंह, मनोज सविता, राजवीर, संतोष की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




# 966 से घटकर 100 तक आ गई चंदेलकालीन तालाबों की संख्या-

**-चंदेलकालीन तालाबों को लगा ग्रहण, नहीं हो सका ठीक से रखरखाव-अमित नुना**

**-ग्राम पंचायत सूरजपुर के खैरा तालाब का किया गया गहरीकरण**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। बुंदेलखंड की लाइफ लाइन रहे चंदेलकालीन तालाबों को ग्रहण लग चुका है। साढ़े नौ सौ से अधिक रहे तालाबों की संख्या घटकर अब सौ तक आ पहुंची है, जो चिंता का विषय है। सरकारों ने चंदेलकालीन तालाबों का रखरखाब ठीक से नहीं किया, जिस कारण अब यह तालाब गायब ही हो गए है। इन तालाबों का यदि ठीक से रखरखाव किया जाता, तो निश्चित ही बुंदेलखंड को जलसंकट से नहीं जूझना पड़ रहा होता। यह बात यह खेरा तालाब के गहरीकरण के दौरान मुख्य अतिथि अमित नुना के संबोधन के दौरान सामने आई है। बताया गया है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवॉंकुर संस्थाओं मुजरा सरकार, जन कल्याण सेवा संस्थान समिति एवं जन संकल्प जन कल्याण समिति के द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ. सुनील कटियार के द्वारा ग्राम पंचायत सूरजपुर के अंतर्गत आने वाले खैरा तालाब के गहरीकरण कार्य जनसहभागिता से किया जा रहा है। आज जल गंगा संवर्धन अभियान के अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित नुना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद के अध्यक्ष राम गोपाल चौरसिया, जिला महामंत्री आशुतोष भट्ट, पूरनलाल लोधी महामंत्री भाजपा, सुंदरलाल तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभी अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता का पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। नवांकुर संस्थाओं के द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार ने कहा कि बुंदेलखंड में पानी की समस्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है । जिले में जितने भी चंदेलकालीन और बुंदेलकालीन तालाब हैं, उन तालबों का रख रखाव ग्रामवासियों को करना चाहिए। तालबों में गहरीकरण करने के लिए किसान अपने खेतों में तालाब की मिट्टी डाले, जिससे उनकी फसल अच्छी होगी और तालाब गहरा होने पर उसमें वर्षा का जल भी संरक्षित रहेगा। जिससे भू जल स्तर बढ़ेगा।

*पुत्र धोखा दे सकते हैं, लेकिन पेड़ नहीं-*

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना के द्वारा अपने उद्बोधन में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग संकल्प ले कि अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना है। पौधों को संरक्षित करना है । उन्होंने कहा कि एक वृक्ष 10 पुत्रों के बराबर होता है। पुत्र धोखा दे सकता है , लेकिन वृक्ष कभी धोखा नहीं देते। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। हमें जल को व्यर्थ बर्बाद नहीं करना है। हमें अपने जल स्रोतों का रखरखाव एवं संरक्षण करना है। इस अवसर पर राम गोपाल चौरसिया ने बताया कि बुंदेलखंड के क्षेत्र में सर्वे के अनुसार चंदेल कालीन समय में बुंदेलखंड क्षेत्र में 966 से भी ज्यादा तालाबों का निर्माण कराया गया था। जिससे बुंदेलखंड क्षेत्र में कभी भी जल संकट न हो, लेकिन वर्तमान समय में चंदेल कालीन तालाबों का रखरखाव न हो पाने के कारण चंदेलकालीन तालाब पूरे बुंदेलखंड में 100 से भी कम बचे हैं आज आवश्यकता है कि हम उन तालाबों को पुनर्जीवित करें एवं संरक्षित करें। खैरा तालाब का गहरीकरण का कार्य उसी दिशा में किया जा रहा एक प्रयास है । सभी ग्रामवासी संकल्प ले कि इस बार सभी लोग दो-दो वृक्ष लगाए एवं उनको संरक्षित करने का कार्य करें । अभी तक जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत खैरा तालाब से लगभग 2000 से अधिक ट्राली मिट्टी निकाली गई। जिसे किसान अपने खेतों में ले जाकर डाल रहे हैं । जिससे किसान जैविक खेती के लिए प्रेरित होंगे । इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख अवधेश कुमार शुक्ला, रवि कुमार अहिरवार, पुष्पेंद्र सिंह यादव, ब्रज बहादुर कुशवाहा परामर्शदाता मनोज कुमार सक्सेना, द्वारका प्रसाद तिवारी ग्राम विकास समितियों से मनमोहन शुक्ला, अंकु यादव, सोबत लोधी, आशु लोधी, जगदीश तिवारी, भूपेंद्र यादव एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सकरिया-गुनौर-डिघौरा मार्ग का मुख्य अभियंता सागर ने किया निरीक्षण

## लगातार की जा रही थी शिकायतें, घटिया मटेरियल से बनाई जा रही थी सड़क, अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश

**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में केन्द्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सकरिया-गुनौर-डिघौरा मार्ग का घटिया कार्य काफी समय से सुर्ख़ियों में बना है। सड़क निर्माण में धड़ल्ले से अमानक सामग्री का उपयोग करते हुए गुणवत्ता विहीन कार्य कराए जाने की शिकायतों के बीच लोक निर्माण विभाग सागर के संभागीय मुख्य अभियंता आरएल वर्मा ने निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण किया। कई स्थानों पर पाइप कल्वर्ट (पुलियों) के धंसने को लेकर मुख्य अभियंता श्री वर्मा ने गहरी नाराज़गी जताते हुए लोनिवि पन्ना के प्रभारी कार्यपालन यंत्री बीके त्रिपाठी और ठेकेदार के प्रोजेक्ट इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने मानसून के मद्देनज़र मार्ग पर वाहनों का निर्बाध आवागमन बनाए रखने और वर्षा जल की समुचित निकासी सुनिश्चित करने के लिए क्षतिग्रस्त पुलियों का तत्परता से सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा ने सड़क निर्माण कार्य में उपयोग में लाई जा रही लाइम स्टोन की गिट्टी के डंप को भी देखा। गत वर्ष 2023 में जिले के सकरिया-ककरहटी-गुनौर-डिघौरा मार्ग निर्माण कार्य को केन्द्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत स्वीकृति मिली थी। लगभग 29 किलोमीटर लम्बाई वाली यह सड़क पन्ना-सतना के मुख्य जिला मार्ग में शामिल है। जिले से गुजरने वाले दो प्रमुख नेशनल हाइवे (एनएच-39 एवं एनएच-943) को आपस में जोड़ने वाले इस एमडीआर मार्ग के निर्माण में शुरुआती स्तर से ही बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खेल शुरू हो गया था। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के संयुक्त प्रयास से स्वीकृत लगभग 40 करोड़ की लागत वाली सीआरएफ सड़क को पलीता लगाने में जुटे ठेकेदार की करतूतों पर लोनिवि पन्ना के भ्रष्ट तकनीकी अधिकारी तमाशबीन बने हुए हैं। फीलगुड के चक्कर में लोनिवि के अफसरों ने अघोषित तौर पर ठेकेदार को मनमाफिक कार्य करने की खुली छूट दे रखी है। सड़क निर्माण में गड़बड़ी की तथ्यात्मक और प्रमाणित शिकायतों पर जिला स्तर पर कोई कार्रवाई पर होने से हाल ही में मीडिया के द्वारा लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता तथा मुख्य अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया था। सड़क निर्माण में गुणवत्ताविहीन अमानक सामग्री उपयोग का मुद्दा समाचार पत्रो मे लगातार प्रमुखता से उठाया है। सड़क निर्माण से जुड़ीं प्रमाणित शिकायतों पर गौर करते हुए प्रमुख अभियंता लोनिवि आरके मेहरा ने चीफ इंजीनियर सागर से जांच करवाने की बात कही थी। इस बीच 13 जून को पन्ना पहुंचे चीफ इंजीनियर लोनिवि सागर आरएल वर्मा ने सकरिया-डिघौरा मार्ग का निरीक्षण किया। पत्थर खदानों का चचरा डालकर गिट्टी की जगह उपयोग करते हुए निर्माण कार्य मे लीपापोती करते हुए व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने सकरिया से गुनौर के बीच कई स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। चीफ इंजीनियर के निरीक्षण की जानकारी मिलने पर कुलदीप सिंह डिघौर महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना ने मौके पर पहुंचकर उनसे भेंट की। युवा नेता कुलदीप ने अपने मोबाइल फोन पर श्री वर्मा को उक्त सड़क की धंसी हुई पुलियों के वीडियो दिखाए गए। साथ ही रात के अंधेरे में सीआरएम लेयर में मिक्स मटेरियल के स्थान पर लाइम स्टोन खदान का चचरा (अनुपयोगी सामग्री) डालकर रोलर चलवाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआरएफ सड़क के निर्माण में अर्थवर्क स्तर पर भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। ठेकेदार द्वारा स्वीकृत कराए गए प्राकक्लन (स्टीमेट) के तहत निर्धारित मापदंड अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। परिवहन व्यय सीमित रखने के मकसद से ठेकेदार ने आसपास के खेतों की कम गुणवत्ता वाली मिट्टी का उपयोग अर्थवर्क में किया है। मार्ग पर ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखकर मिट्टी के स्थरीकरण (मजबूती) के लिए आवश्यकतानुसार ठोस उपाए ईमानदारी से नहीं किए गए। अर्थवर्क के दौरान सड़क के इनिशियल लेवल में गड़बड़ी करते हुए पुराने मटेरियल को अलग करने के बजाए क्रेश करके उसी को उपयोग में ले लिया। साथ ही गुनौर के आदिवासी मोहल्ला के समीप खतरनाक मोड़ के कारण हादसे होने की आशंका जताई गई। चीफ इंजीनियर (मुख्य अभियंता) सागर श्री वर्मा ने पुलियों के धंसने पर गहरी नाराज़गी जताते हुए लोनिवि पन्ना के प्रभारी कार्यपालन यंत्री बीके त्रिपाठी, प्रभारी उपयंत्री और ठेकेदार के प्रोजेक्ट इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने दो टूक कहा कि, निर्माण कार्य में मानक-मापदंडों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चीफ इंजीनियर ने मानसून के मद्देनज़र मार्ग पर वाहनों का निर्बाध आवागमन बनाए रखने और वर्षा जल की समुचित निकासी सुनिश्चित करने के लिए क्षतिग्रस्त पुलियों का तत्परता से सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण कार्य में उपयोग में लाई जा रही लाइम स्टोन की गिट्टी के डंप को भी देखा गया। श्री वर्मा ने कांग्रेस नेता को भरोसा दिलाया कि, सड़क निर्माण में जो भी कमियां है उन्हें दूर करके हर हाल में गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराया जाएगा। वहीं कांग्रेस नेता का कहना है लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी कार्य की गुणवत्ता में यदि सुधार नहीं होता है तो इस मुद्दे को विधानसभा के मानसून सत्र में उठवाने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही मामले को सीटीई के संज्ञान में लाया जाएगा। ज्ञात हो कि ठेकेदार द्वारा बिना खनिज विभाग की स्वीकृति के गुनौर नगर पंचायत के तालाब सहित अन्य स्थानो पर भी अवैध रूप से मिट्टी तथा मुरूम खोदाई का कार्य भी कराया गया। जिसको लेकर भी नगर पंचायत अध्यक्ष तथा अन्य लोगो ने शिकातये की थी। ज्ञात हो कि पन्ना जिले मे लगातार निर्माण कार्यो मे व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है। निर्माण कार्य करने वाली क्न्ट्रक्श्न कंपनी रवी शंकर जयसवाल द्वारा जिले मे लगभग तीन सौ करोड से अधिक के कार्य कराये जा रहे है। लेकिन प्रत्येक निर्माण कार्य मे इसी प्रकार गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करते हुए भ्रष्टाचार किया जा रहा है तथा घटिया निर्माण कार्य कराये जा रहे है। राजनैतिक संरक्षण के चलते उक्त निर्माण कंपनी पर कार्यवाही भी नही की जा रही है। इसके पूर्व उक्त ठेकेदार ने पन्ना पहाडीखेडा मार्ग भी कराया था। जिसमें अनेक दुर्घटनाए हुई। उधर अजयगढ क्षेत्र मे 45 किलोमीटर नहर पट्टी का 45 करोड की लागत से घटिया निर्माण कार्य कराया गया है। वर्तमान समय मे पवई तहसील मुख्यालय मे बाईपास रोड का निर्माण कार्य भी इसी ढर्रे पर चल रहा है।



## भगवान श्रीकृष्ण तथा राधारानी के बाल चरित्र को सुनकर सारे पाप नष्ट हो जाते हैः-पार्थवीर

### शिक्षा प्राप्त करने वाले गरीब बच्चो का सहयोग अवश्य करें इससे बडा पुण्य प्राप्त होता है

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/श्री जुगल किशोर जी मंदिर में श्रीमद् भागवत का कथा 11 जून से लगातार चल रही है। भागवत कथा का वाचन राधे श्याम महराज बृदांवन द्वारा किया जाता है। तत्पश्चात् बाल वक्तव्य देने वाले बाल व्यास पार्थवीर शुक्ला अनेक भगवान के चरित्रो का वर्णन बडे ही मार्मिक ढंग से करते है। उन्होने भगवान श्री कृष्ण अवतार को लेकर बडे ही सुन्दर ढंग से वर्णन किया। तथा बताया कि संसार मे पापीयों का उद्धार करने के लिए कन्हैया ने जन्म लिया था तथा इस संसार मे बड रहे अत्याचार को नष्ट किया था। कंस जैसे अताताई दैयत्वो का नर संहार किया एवं अनेक लीलाओ के द्वारा अनेक प्रकार के संन्देश संसारिक प्राणियों को दिये। उन्होने श्रीराधा महरानी जी के प्रकाट्य पर विस्तार से बताया। एवं उनके अलोकिक तथा दिव्य गुणो तथा चरित्र का वर्णन विस्तार से किया। पार्थवीर शुक्ला ने कहा कि संसार मे सभी प्राणियों के अन्दर दया एवं करूणा का भाव होना चाहीए। जिससे प्राणी एक दूसरे का सहयोग करें। संतो के प्रवचन एवं उनकी कथाओं को सुनने से मनुष्य के अन्दर सेवा भाव एवं वात्सल्य प्रेम प्रगट होता है। कथा के दौरान उन्होने शिक्षा मे जोर देते हुए कहा कि सभी लोगो को आर्थिक रूप से पिछडे गरीब परिवारो के बच्चो एवं बच्चियों की शिक्षा के लिए आंगे आ कर सहयोग करना चाहीए। क्योकि शिक्षा के द्वारा किसी भी परिवार का सर्वागिंण विकास होता है तथा वह शिक्षा प्राप्त कर समाज मे सम्मान का दर्जा प्राप्त करता है। एवं जो भी व्यक्ति गरीब परिवारो के बच्चो को शिक्षा प्रदान करने मे सहयोग प्रदान करता है उसको भी बहुत बड़ा पुण्य लाभ प्राप्त होता है।



## ग्राम पंचायत जनवार मे क्षेत्रीय विधायक ने कराया तालाब जीणोद्धार का कार्य प्रारंभ

पन्ना/ग्राम पंचायत जनवार जनपद पंचायत पन्ना की आबादी लगभग 3200 है। यहां पर यहा के लोग पानी के लिये तालाब पर निर्भर रहते है। यह तालाब पूरे गॉव को पानी उपलब्ध कराता है तथा लगभग 50 से 100 किसानो की खेती इसी तालाब पर निर्भर रहती है। काफी समय से ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत तालाब में जीर्णोधार/गहरीकरण कराये जाने हेतु मांग कर रहे थे। शासन द्वारा इस वर्ष में शासन द्वारा जल गंगा अभियान के अंतर्गत इस तालाब को स्वीकृत किया गया तथा विधायक पन्ना ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा कार्य को प्रारंभ कराया गया, तालाब को मनरेगा योजना की राशि से स्वीकृत किया गया। जिसकी स्वीकृत लागत 9.94 लाख रूपये की गई है। उपरोक्त कार्य हो जाने से समस्त ग्रामवासियों को वर्षभर पानी की उपलब्धता रहेगी तथा किसानों को खेती के लिये पानी मिलता रहेगा। मनरेगा योजना से कार्य को स्वीकृत कराये जाने से ग्राम के जॉबकार्डधारियों को गाँव में ही काम मिला है।

## बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे पर्यटन ग्राम मडला के निवासी

### लाखो की नल जल योजना बनाई शो पीस




परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/वर्तमान समय मे भारी गर्मी से लोग परेशान है, वहीं दूसरी और लगातार पेयजल संकट गहराता जा रहा है, पेयजल उपलब्ध कराने वाले जिम्मेदार विभाग मौन साधे हुए है। करोडो की लागत से बनाई गई, नल जल योजनाए बेकार साबित हो रही है तथा सरकार की उक्त घोषणा हावा हवाई साबित हो रही है। जिसका ढिडौरा पूरे देश मे पीटा जा रहा है कि हर गरीब के घर पर पाईप लाईन डालकर टोटीं से पानी पंहुचाया जा रहा है। लेकिन पन्ना जिले मे 95 प्रतिशत ग्रामो की नल जल योजनाए बंद पडी हुई है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हो रहें है। लोक स्वास्थ यंत्रीकीय विभाग के जिम्मेवार कार्यपालन यंत्रीकीय महेन्द्र सिंह पांच वर्ष से पन्ना मे जमें हुए है। उनके द्वारा नल जल योजना मे पलीता लगा रखा है तथा अधिकांश ग्रामो की नल जल योजनाए बंद पडी हुई है। हैन्डपंप भी खराब है जबकी सरकार द्वारा गर्मी आने के पूर्व ही जल श्रोतो को दुरस्थ करने के आदेश जारी किये जाते है। उदाहरण के तौर पर पर्यटन ग्राम मडला मे क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयास से नल जल योजना प्रारंभ की गई तथा लाखो की लागत से टंकी का निर्माण किया गया था एवं केन नदी से उक्त टंकी को भरने के लिए पाईप लाईन डाली गई थी तथा पूरे ग्राम मडला मे भी पाईप लाईन डालकर पानी देने का कार्य प्रारंभ हुआ था। जिसका बकायदा लोकार्पण भी किया गया था। लेकिन ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उक्त नल जल योजना महिना दो महिना सही ढंग से संचालित हुई उसके बाद वह लगातार बंद पडी हुई है तथा लोग बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हो रहें है। केन नदी से किसी प्रकार पानी ला कर अपना काम चला रहें है। स्थानीय लोगो ने क्षेत्रीय विधायक तथा जिला कलेक्टर से नल जल योजना मे सुधार कार्य कराये जाने की मांग की गई है।

# परिवार के साथ लाईट एंड साउंड शो का आनंद लेने विश्व धरोहर स्थल सांची पहुंचे संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। भोपाल के पास रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर सांची में प्रतिदिन शाम 07.30 बजे से 08.05 बजे तक हिंदी में एवं 08.15 बजे से 08.50 बजे तक इंग्लिश में सांची के इतिहास पर आधारित लाइट एंड साउंड शो का प्रदर्शन किया जाता है।

एमपी टूरिज्म की ओर से किए जा रहे इस शो को थ्रीडी प्रोजेक्शन मेपिंग पर ऑपरेट किया जाता है जिसमें मुख्य स्तूप पर सांची के हजारों साल पुराने इतिहास को दर्शाया जाता है कि कैसे युद्धों के बाद महान सम्राट अशोक, तथागत बुद्ध के परिनिर्वाण के सौ वर्ष बाद उनके मार्ग की ओर प्रवृत्त हुए और सम्राट ने 84 हजार बौद्ध स्तूपों के निर्माण का संकल्प लिया।

शुक्रवार शाम मध्यप्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी परिवार के साथ इस शो का आनंद लेने सांची पहुंचे और अपने फेसबुक सोशल मीडिया अकाउंट से जानकारी साझा की। इससे पहले भी पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भोपाल स्थित बड़े तालाब वोट क्लब पर परिवार के साथ सैर करते आ चुके हैं।

## जिला अस्पताल प्रशासन ने सामाजिक संस्थाओं से शवों के संरक्षण हेतु सिंगल बॉडी ए.सी.केबिनेट, डबल बॉडी ए.सी.केबिनेट दान करने किया आग्रह

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ़ 15 जून। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेश नामदेव ने जिले की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि सामाजिक संस्था के माध्यम से शवों के संरक्षण हेतु सिंगल बॉडी ए.सी. केबिनेट, डबल बॉडी ए.सी. केबिनेट दानकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभायें इस हेतु जिला अस्पताल प्रशासन आप सभी का कृतज्ञ रहेगा।

उन्होंने कहा है शववाहन की उपलब्धता में देरी होने पर भी शव को शवगृह में रखा जा सकता है। यह कि जिला चिकित्सालय दमोह में वर्तमान में सिर्फ 2 ही ए.सी. केबिनेट हैं, जिनमें शवों को रखा जाता है तथा लगातार उपयोग के कारण कई बार वह शव खराब भी होते रहते हैं दोनों ही केबिनेट की आयु 10 वर्ष से अधिक की हो गई है। पोस्टमार्टम की प्रतिक्षा में (सूर्यास्त के बाद) शवों को जिला अस्पताल में बने शव गृह में रखा जाता है। कई बार अज्ञात शव भी कई-कई दिनों तक शवगृह में रखना पड़ता है।

ज्ञातव्य है कि जिला चिकित्सालय दमोह 300 विस्तरीय अस्पताल है, इसके अलावा यहां मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी अस्पताल में 100 बिस्तर अतिरिक्त हैं। प्रतिदिन लगभग 600 से 800 मरीज़ ओ.पी.डी. में उपचार लेने आते हैं एवं लगभग 70 से 80 व्यक्ति भर्ती होकर उपचार प्राप्त करते हैं। कई बार प्रतिदिन 5 से 6 पोस्टमार्टम हेतु शव भी लाये जाते हैं, गर्मी के दिनों में शव का विघटन 8 घंटे में ही शुरू हो जाता है एवं शरीर से बदबू आना शुरू हो जाती है। शव को सम्मानपूर्वक मरीज के परिजनों को सौंपना भी एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

## एम.पी. ट्रांसको की त्रैमासिक रिव्यू मिटिंग

### मानसून दौरान अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने एम.पी. ट्रांसको के फील्ड अधिकारी रहें तैयारः एम.डी. इंजी.सुनील तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। मुख्यालय जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) की त्रैमासिक रिव्यू मीटिंग में प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए कि फील्ड के अधिकारी समय रहते प्रदेश में अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक स्पेयर पार्ट्स मौजूद रखें तथा इस बात की भी पूरी तैयारी कर ले कि विषम परिस्थितियों में मध्य प्रदेश के किसी भी कोने में इन सामानों को पहुंचाने के लिए कैसी व्यवस्था रहनी चाहिए। उन्होंने मानसून पूर्व ट्रांसमिशन लाइनों, उन पर ट्रिपिंग और सबस्टेशनों के मेंनेटेनेंस कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की। प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने मानसून के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए ताकि ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता बनाई जा रखें।

उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों पर होने वाली ट्रिपिंग की समीक्षा कर इसे न्यूनतम रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न ट्रांसमिशन लाइनों और सबस्टेशनों की क्षमता तथा उन पर लोडिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी लाइन या सबस्टेशन में निर्धारित सीमा से अधिक लोड न डाला जाये।

***जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य से करें कार्य***

प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने निर्देश दिए की फील्ड के अधिकारी जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को ध्यान में रखकर सतर्कता और सुरक्षा के साथ मेंटेनेंस कार्य को पूर्ण करवायें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन से महत्वपूर्ण कुछ नहीं है, अत: कार्य के दौरान सुरक्षा मापदंडों का पालन कड़ाई से कराया जाये। इस रिव्यू मीटिंग में एम.पी. ट्रांसको के मुख्यालय स्थित सभी विभागध्यक्ष एवं प्रदेश के अधीक्षण अभियंता स्तर तक के अधिकारी मौजूद थे।

## राज्यमंत्री श्री पटेल आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल आज 16 जून को अपरान्ह 04 बजे जरारूधाम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्य मंत्री श्री पटेल शाम 06 बजे मढ़कोलेश्वर में गंगा दशहरा के तहत आयोजित गंगा आरती कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## नशे के प्रति जन जागरूकता अभियान के तहत 16 दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

दमोह। नशे के प्रति जन जागरूकता अभियान के तहत 16 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में प्राचार्य डॉ.अरुणा एम जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत नशे के दुष्परिणाम विषय पर निबंध पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संयोजक श्रीमती सुरेखा बडोले एवं समिति सदस्य डॉ. आराधना श्रीवास, सुश्री प्रिया थापा, आरती सोनी समस्त स्टाफ एवं छात्रों की उपस्थित रही।

## राज्यमंत्री श्री लोधी विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 16 जून 2024 को दमोह जिले के शिव मंदिर खर्राघाट में शाम 5 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा व्यारमा नदी पर गंगा आरती में शामिल होंगे। श्री लोधी सांय 04 बजे नोहटा से शिव मंदिर खर्राघाट ग्राम पंचायत हाथीघाट के लिए रवाना होकर 05 बजे यहां पहुँचेंगे। कार्यक्रम उपरांत आप यहां से प्रस्थान कर निज निवास नोहटा जायेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

# विधायक के साथ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने किया श्रमदान

## नगर के बड़े तालाब पर चला सफाई अभियान



**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाडी। संपूर्ण प्रदेश के साथ-साथ निवाड़ी जिले में दिनांक 5 जून से 16 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत आज विधायक अनिल जैन के साथ नगर के अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर के बड़े तालाब पर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। गौरतलब है कि इससे पहले विगत 9 दिनों से नगर परिषद एवं जन अभियान परिषद के सहयोग से छोटे तालाब पर सफाई अभियान चलाया जा रहा था और 9 दिनों में छोटे तालाब पर लगी जलकुंभी का अधिकांश भाग निकालकर छोटे तालाब की सफाई की गई थी हालांकि छोटे तालाब पर सफाई अभियान निरंतर जारी है और आज बड़े तालाब पर भी जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर श्रमदान किया। इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने कहा कि देश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश के अनुसार संपूर्ण प्रदेश में जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है और इस अभियान के तहत जिला मुख्यालय के दोनों तालाब पर सफाई अभियान चलाया गया इसके साथ-साथ विधायक श्री जैन ने कहा कि बड़े तालाब के सौंदर्य करण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है जिसकी स्वीकृति मिलने पर बड़े तालाब को सुंदर बनाया जाएगा तथा लगभग 30 लाख की राशि स्वीकृत हो चुकी है जिसके तहत पार्क का निर्माण कराया जाएगा उसके साथ-साथ छोटे तालाब का भी सौंदर्य करण किया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान का 16 जून को समापन होगा जिसके तहत नगर के प्रमुख आस्था के केंद्र श्री मौनी महाराज आश्रम पर स्थित अडजार तालाब बांध पर सफाई अभियान चलाते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन किया जाएगा। विधायक श्री जैन ने कहा कि जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का अभियान केवल यही तक सीमित नहीं रहेगा अब आगे भी नगर के सभी जल स्रोतों का प्रमुखता के साथ सौंदर्य करण एवं संरक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन के साथ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ नंदकिशोर नापित नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार, नगर परिषद के उपाध्यक्ष पं.सत्यदेव तिवारी तहसीलदार दिनेश चंदेल जिला शिक्षा अधिकारी उन्मेष श्रीवास्तव डीपीसी राजेश पटेरिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर एस अवस्थी, जिला परिवहन अधिकारी राजेंद्र सोनी, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग राघव पटसारिया, सी एल माहौर सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं जन अभियान परिषद से सुनील कटियार, अजय नामदेव धीरेंद्र गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता नगर की गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# मकान बनाने को लेकर परिवार के बीच हुआ विवाद तीन की हालत गंभीर

परिहार गर्जना न्यूज सेंदरी। निवाड़ी जिले के थाना क्षेत्र सेंदरी अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी कलरऊ में मकान बनाने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ जिसमें दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे के साथ मारपीट की गई जिसमें दोनों पक्षों के कई महिला पुरुष घायल हुए जबकि तीन लोग घटना में गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने पर एंबुलेंस 108 के पायलट पुष्पेंद्र अहिरवार और अनिल चौरसिया घटनास्थल पर पहुंचे जहां से घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें भर्ती कर घायलों का उपचार किया गया। एक ही परिवार के दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में मलखान अहिरवार गंभीर रूप से घायल हुए जिनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं इसके साथ-साथ मालती अहिरवार और प्रीति अहिरवार को मामूली चोटे हैं जबकि दूसरे पक्ष के दिनेश अहिरवार एवं उनके पिता कृपाराम अहिरवार भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं इसके साथ-साथ महिलाओं को भी मारपीट की घटना में चोटे बताई गई हैं। घटना में घायल सभी मरीजो का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में डॉ आदर्श तिवारी एवं डॉ आयुष खरे के द्वारा किया गया।



# कलेक्टर श्री प्रसाद डॉक्टरों की मनमानी पर भड़के, एनेस्थीसिया से लेकर स्त्री रोग विशेषज्ञ और सभी सुविधाएं अस्पताल में,फिर भी करते हैं तो गर्भवती महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर

## मुफ्त की पगार ले रहे विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद के डॉक्टर

मनोज सिंह

परिहार गर्जना कटनी - जिले मे मातृ मृत्यु दर को कम करने हेतु सतत प्रयासरत कलेक्टर अवि प्रसाद प्रसव के रेफरल मामलों की नियमित समीक्षा करते है। इसी समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ के खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन ऑपरेशन करने और ब्लड चढ़ाने जैसी सुविधायें उनके अस्पतालों मे होने के बाद भी प्रसव के मामलों को रेफर करने को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए इनके कृत्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त की है।



कलेक्टर ने कहा कि मातृ मृत्यु दर कम करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहोरीबंद व सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ फर्सट रेफरल यूनिट के रूप मे चिन्हित है। बावजूद इसके इस दिशा मे कोताही बरती गई है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बहोरीबंद के बीएम ओ डॉ आनंद अहिरवार और सिविल अस्पताल विजयराघवगढ के बीएमओ डॉ विनोद कुमार को इनके इस लापरवाही पूर्ण आचरण के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने सीएमएचओ को निर्देशित किया था। इसके बाद बहोरीबंद के डॉक्टर अहिरवार को जारी नोटिस मे कहा गया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद मे ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा माह जनवरी 2024 से उपलब्ध है। इसके बाद भी जनवरी 2024 से आज तक मात्र 30 यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराया गया है। जबकि विगत छ: माह (जनवरी 2024 से जून 2024) में आपके यहां अनमोल पोर्टल के अनुसार 40 सीवियर एनीमिया के केस रजिस्टर्ड है। शासन के निर्देशानुसार गर्भवती महिलाओं का ब्लड ट्रांसफ्यूजन नि:शुल्क किया जाना है। इस हेतु आपको निर्देशित किया गया था कि समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप ब्लॉक स्तर पर आयोजित कर ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक कटनी में जमा करायें। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को हाईरिस्क गर्भवती की जांच स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है। जिसके अंतर्गत चिन्हित सीवियर एनिमिक केस का भी ब्लड ट्रांसफ्यूजन आपकी संस्था में सत प्रतिशत कराया जाना था जो कि नहीं कराया जा रहा है इसके लिए कलेक्टर द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है। वहीं सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़ के बीएमओ डॉक्टर कुमार को जारी नोटिस में कहां गया है कि यहां ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सुविधा एक महत्वपूर्ण प्रारंभ की गई थी जिसके अंतर्गत मात्र चार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की रिपोर्ट आपके द्वारा की गई है जबकि विगत एक माह में आपके यहां अनमोल पोर्टल के अनुसार लगभग 50 सीवियर एनीमिया के केस रजिस्टर्ड है। शासन के निर्देशानुसार गर्भवती महिलाओं का ब्लड ट्रांसफ्यूजन निशुल्क किया जाना है। इस हेतु आपको निर्देशित किया गया था कि समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप लगा स्तर पर आयोजित कर ब्लड एकत्रित कर ब्लड बैंक कटनी में जमा कराए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को हाई रिस्क गर्भवती की जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाती है जिसके अंतर्गत चिन्हित सीवियर एनिमिक केस का भी ब्लड ट्रांसफ्यूजन आपकी संस्था में सत्र कराया जाना था जो नहीं कराया जा रहा है। इसी प्रकार एफआरयू यूनिट क्रियाशील होने हेतु न्यूनतम पांच सिजेरियन प्रतिमाह किया जाना आवश्यक है। इसके लिए ओटी सुविधा समस्त आवश्यक उपकरण के साथ आपकी स्वास्थ्य संस्था में उपलब्ध हैं। आप स्वयं एनेस्थेसिस्ट एवं डॉक्टर धनेश्वरी सिंह श्री रोग विशेषज्ञ विगत लगभग 10 वर्षों से अधिक समय से सिविल अस्पताल विजय राघवगढ़ में कार्यरत हैं इसके बाद भी आपके द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 19 वित्तीय वर्ष 2022- 23 में 29 एवं 2023-24 में 19 केस कराया गया है। जो कि लक्ष्य के विरुद्ध काम है 2024- 25 में कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बावजूद भी आपके द्वारा कोई भी सिजेरियन केस विजयराघवगढ़ में नहीं कराया गया जिस पर कलेक्टर द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम (1).(2).(3) के तहत पति दायित्वों के प्रति अवहेलना और घोर लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता को परिलक्षित होने पर तट संबंध में अपना स्पष्टीकरण 48 घंटे के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं स्पष्टीकरण का जवाब समय से प्रस्तुत न करने एवं जवाब संतोषजनक न होने पर आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जवाबदार होंगे।

## कटनी जिले के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सिविल सर्जन यशवंत वर्मा पर महिला डॉक्टरों ने कलेक्टर के समक्ष लगाए आरोप, डॉक्टरों के बाद नर्सों ने भी सिविल सर्जन के खिलाफ खोला मोर्चा,आरोपों की शुरू हुई जांच

परिहार गर्जना कटनी -कलेक्टर श्री प्रसाद शिकायतों का त्वरित निराकरण करने में सक्षम है। जिले के इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब शासकीय जिला अस्पताल के किसी सिविल सर्जन के खिलाफ लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन उसके बावजूद उन पर सिर्फ नोटिस नोटिस का खेल खेला गया और आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। लेकिन आए दिन आरोपों और लापरवाहियों के मामले में घिरे रहने वाले और जिले में रिकॉर्ड बनाने वाले सिविल सर्जन डॉक्टर यशवंत वर्मा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। महिला डॉक्टर के द्वारा लगाए गए प्रताड़ना के आरोपों की जांच जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है। जहां एक तरफ डॉक्टरों ने सिविल सर्जन पर प्रताड़ना के आरोप लगाए, वहीं अब जिला अस्पताल की नर्सों ने भी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आरोप जड़ दिए हैं। आपको बता दें कि जिला अस्पताल में पदस्थ महिला डॉक्टर सुनीता सिंह के द्वारा सिविल सर्जन डॉक्टर यशवंत वर्मा व उनके नेत्र सहायक पर कमीशन मांगने एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए गए थे। शुक्रवार को एडीएम साधना परस्ते ने नेत्र सहायक व आरोप लगाने वाली डॉक्टर के बयान दर्ज किए। बताया जा रहा है कि अब सभी महिला डॉक्टर के बयान दर्ज किए जाएंगे कि उन्हें किस तरह ड्यूटी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। अफसर यह भी पता लगाने का प्रयास करेंगे कि नियमों के अनुसार किस डॉक्टर को कहां ड्यूटी करने का अधिकार है और सिविल सर्जन द्वारा उन्हें ड्यूटी करने से क्यों रोका गया।




**नर्सों ने भी लगाया आरोप**

डॉक्टर के बाद अब जिला अस्पताल में पदस्थ नर्सिंग स्टाफ ने भी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर से की शिकायत में शासन द्वारा हड़ताल अवधि का वेतन आधारित नहीं किया गया। 6 की जगह 7 दिन का वेतन काटा गया। हड़ताली नर्सिंग ऑफिसरों की 1 वर्ष की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी कर दिए गए,लेकिन जिला अस्पताल में यह व्यवहार द्वेष पूर्ण की गई। आधी नर्सिंग अफसर के साथ द्वेष पूर्ण रवैया अपनाया गया। आरोप है कि 103 में से 35 नर्स की सैलरी नहीं काटी गई इन नर्सों के साइन भी अटेंडेंस रजिस्टर पर नहीं है।

## कटनी से अचानक लापता हुई लड़की महाराष्ट्र में मिली,माधव नगर पुलिस ने अपहृत बालिका को महाराष्ट्र से किया दस्तयाब

परिहार गर्जना कटनी - पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में अनूप सिंह थाना प्रभारी माधवनगर के नेतृत्व में माधवनगर पुलिस लगातार अपहृत बालक, बालिकाओं एवं महिला, पुरूषों की तलाश कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर बिछड़े हुए सदस्यों को मिलवा रही है। इसी क्रम में गत 12 जून 24 को मुम्बई से एक अपहृत युवती को दस्तयाब कर कानूनी प्रक्रियाओं के पश्चात उनके परिवार को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 09 मई 24 को उक्त बालिका जो घर में बिना बताये बाहर चली गई थी जिसे तात्कालीन समय काफ़ी तलाश की गई थी किन्तु दस्तयाब नहीं हो पा रही थी। लगातार प्रयास करते हुए महाराष्ट्र मुम्बई से खोजबीन कर उसे दस्तयाब किया गया।

दस्तयाबी में सराहनीय कार्य अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर,श्रीमति रश्मि सोनकर उप निरीक्षक महिला थाना प्रभारी,सउनि शशिभूषण सिंह,प्रधान आरक्षक देवेश,आरक्षक सुभाष,सुरेश कोरी,प्रधान आरक्षक प्रशान्त विश्वकर्मा साइबर सेल कटनी की अहम भूमिका रही है।

## आखिरकार माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह की कुशल रणनीति कारगर साबित हुई,माधव नगर क्षेत्र का आदतन आरोपी बैला के घर से 317 पाव शराब जप्त की गई,शातिर बैला के खिलाफ 35 अपराध पंजीबद्ध है,पुलिस ने अब बैला को भेजा जेल

परिहार गर्जना कटनी - माधव नगर पुलिस ने जिस बैला को अवैध शराब सहित पकड़ा है वह बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। इसके ऊपर पहले से 35 आपराधिक मामले दर्ज हैं। शराब सहित पकड़े गए बैला को माधव नगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।



कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं डॉ.संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में माधवनगर थाना प्रभारी अनूप सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी आकाश उर्फ बैला बजाज निवासी राबर्ट लाइन को अवैध शराब सहित पजड़ा है। आरोपी ने अपने कमरे में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के लिए छुपा कर रखी थी। माधवनगर थाना प्रभारी ने अविलम्ब पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताए स्थान पर छापामारी कर आरोपी के कमरे की तलाशी ली गई तो पता चला कि आरोपी ने दो बोरियों में अलग अलग कुल 317 पाव देशी प्लेन शराब बिक्री के लिए रखी है।आरोपी से कुल 57.060 लीटर कीमती करीब 31,700 रुपये की शराब जप्त की गई। आरोपी आकाश उर्फ बैला बजाज का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय होने से आरोपी के कब्जे से अवैध शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया तथा जिला जेल कटनी में भेज दिया गया है। आरोपी आकाश उर्फ बैला बजाज पूर्व मे जिला बदर का आरोपी है।आरोपी लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना माधवनगर में चोरी,लड़ाई झगड़ा,जुआ खेलना,छेड़छाड़,अवैध हथियार रखने संबंधी कुल 35 अपराध पंजीबद्ध है।

संपूर्ण कार्यवाही इनकी रही विशेष भूमिका में अनूप सिंह निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर,उप निरी.विष्णु शंकर जायसवाल,प्र.आर.कमलेश बैरागी, आरक्षक भानू प्रकाश की अहम भूमिका रही।

# बापू महाविद्यालय को मिला पीएम श्री महाविद्यालय का दर्जा

## अब बीएड की कक्षायें होगी संचालित



*नौगांव। नगर के शासकीय बापू महाविद्यालय को पीएम श्री महाविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। दरअसल बापू महाविद्यालय को बीएड कॉलेज की मान्यता भी मिल गई है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थी वर्ग में उत्साह का महौल है। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य एचडी अहिरवार और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हरगोविंद गुप्ता ने भी खुशी जाहिर की है।*

गौरतलब है कि बापू महाविद्यालय में आसपास के ग्रामीण अंचलों के 5 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनके लिए यह बड़ी सौगात है। पिछले दिनों इस महाविद्यालय को पीएम श्री का दर्जा मिलने से हॉस्टल, लाइब्रेरी, परिवहन की सुविधा मिली थी इसके साथ ही महाविद्यालय में करीब एक सैकड़ा नए पदों का भी सृजन हुआ था। वहीं अब 14 जून को मध्यप्रदेश शासन द्वारा आदेश जारी कर बापू महाविद्यालय को बीएड कॉलेज की मान्यता भी दे दी गई है, जिसके साथ महाविद्यालय की मरम्मत सहित नवीन निर्माण कार्यों हेतु 40 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बापू महाविद्यालय प्रदेश का इकलौता ऐसा कॉलेज है जिसे ब्लॉक स्तर पर पीएम श्री का दर्जा प्राप्त है।

# परिवार की लापरवाही से पानी के टब में डूब जाने से बच्ची की मौत

छतरपुर। छोटे बच्चों का यदि ध्यान न रखा जाए तो कितना बड़ा हादसा हो सकता है, इसका उदाहरण छतरपुर जिले के ग्राम खड़गांय में देखने को मिला है। दरअसलय यहां



एक अबोध बच्ची पानी से भरे टब में गिर गई और किसी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया जिस कारण से कुछ ही समय में उसकी मौत हो गई।

मातगुवां थाना क्षेत्र के ग्राम खड़गांय निवासी मुकेश शर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह घर के सभी सदस्य काम में व्यस्त थे। उसकी 1 वर्षीय बेटी गायत्री आंगन में खेल रही थी। खेलते-खेलते वह पानी से भरे हुए टब के पास पहुंच गई और उसी में गिर गई। चूंकि आसपास घर का कोई भी सदस्य नहीं था जिस कारण से किसी का ध्यान उस ओर नहीं गया। जब गायत्री की आवाज आना बंद हुई तब घर के लोगों का उस ओर ध्यान गया जहां बच्ची टब में पड़ी हुई थी। परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से सफाईकर्मी दपंत्ति घायल, पत्नी की मौत, पति का इलाज जारी

छतरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत महोबा रोड पर शनिवार की सुबह साइकिल से ड्यूटी पर जा रहे सफाईकर्मी दपंत्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिस कारण से दोनों घायल हो गए थे। घायल पति-पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पत्नी की हालत गंभीर होने के कारण उसे झांसी ग्वालियर रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई, जबकि उसके पति का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक महोबा रोड पर रहने वाला नयनसुख बाल्मीक जिला अस्पताल में बतौर सफाईकर्मी पदस्थ है, जबकि उसकी पत्नी कृष्णा बाल्मीक नगर पालिका की सफाईकर्मी है। शनिवार की सुबह नयनसुख अपनी पत्नी कृष्णा के साथ साइकिल से कार्यस्थल की ओर आ रहा था तभी महोबा रोड के सौंरा तिराहा के समीप अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुए चला गया। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, साथ ही उनके परिजनों को सूचना दी गई। चूंकि कृष्णा की हालत गंभीर थी इसलिए चिकित्सकों ने उसे तुरंत ही ग्वालियर रेफर कर दिया था लेकिन ग्वालियर पहुंचने से पहले रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया, जिसके बाद उसके शव को वापिस जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। वहीं घायल नयनसुख का अभी भी जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

# निर्वाना फाउंडेशन ने लाचार वृद्ध महिला का कराया इलाज खाने पीने की कराई व्यवस्था



छतरपुर। असहाय वृद्धजनों और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहने वाली छतरपुर की संस्था निर्वाना फाउंडेशन एक बार फिर असहाय वृद्ध महिला की मदद के लिए आगे आई है। दरअसल फाउंडेशन के संचालक को सूचना मिली थी कि पिछले काफी दिनों से शहर के बस स्टैंड पर एक वृद्ध महिला के बीमार अवस्था में पड़ी हुई है। सूचना मिलने के बाद संचालक ने सर्वप्रथम वृद्ध महिला का इलाज कराया और इसके बाद उनके रहने और खाने-पीने की व्यवस्था कराई। निर्वाना फाउंडेशन के संचालक संजय सिंह ने बताया कि 31 मई को बस स्टैंड क्रमांक-2 पर जन सहयोग रसोई संचालित करने वाली टीम द्वारा उन्हें वृद्ध महिला के बीमार अवस्था में पड़े होने की जानकारी दी गई थी, जिसके बाद उन्होंने वृद्ध महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करवाकर इलाज शुरु कराया था। चूंकि वृद्ध महिला के शरीर में रक्त की कमी थी इसलिए संजय सिंह द्वारा रक्त की व्यवस्था कराकर समुचित उपचार कराया गया जिससे अब वह स्वस्थ हो गई हैं और अब संजय सिंह उन्हें देरी रोड पर स्थित फाउण्डेशन के भवन में ले गए हैं, जहां उनके रहने और खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। संजय सिंह ने बताया कि उक्त वृद्ध महिला के संबंध में उन्हें लगभग दो वर्ष पूर्व भी जानकारी मिली थी लेकिन जब महिला ने उनके साथ जाने से मना कर दिया था, लेकिन इस बार उन्होंने बात मानकर फाउण्डेशन में रहने की सहमति दे दी है। संजय सिंह द्वारा की गई इस पहल की शहर वासियों द्वारा जमकर सराहना की जा रही है।

# सुमति अकेडमी के विद्यार्थियों का सुब्रतों मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन



छतरपुर। सुमति अकादमी के छात्रों का सुब्रतों मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुए। जिनमें विद्यालय के 18 छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सभी 18 विद्यार्थियों ने सुब्रतों मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय सहित छतरपुर शहर का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्रों में अन्डर-15 कैटेगरी से आर्यन असाटी (कैप्टन) कक्षा -9 , विश्वास गुप्ता, वासुदेव गुप्ता, आरव गुप्ता, आरव गुप्ता, शोर्य राजपूत, आयुष तिवारी, सोमिल यादव कक्षा-8, कुसाग्र साहू, मोहम्मद नौमान, बलराम मिश्रा, रूद्रांश तिवारी, अंशुमन पाठक कक्षा -7 इसके अलावा आरिश चौरसिया, मेहुल खुराना, अजय देव सिहं बुन्देला, शिव रैकवार, आशय सिंघई कक्षा -6 का चयन हुआ। विद्यालय के चेयरमेन श्री सोमिल अग्रवाल , डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल एवं प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत बधाई दी और अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।


# थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक संपन्न



**तुलसीदास सोनी**

खजुराहो। आगामी त्यौहार ईदुज्जुहा का त्योहार को देखते हुए छतरपुर एसपी अगम जैन के निर्देशन में खजुराहो थाने में एसडीओपी सलिल शर्मा निर्देश अनुसार थाना प्रभारी अतुल दीक्षित के द्वारा शांति समिति की बैठक रखी गई जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद से अनुपम गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक खंड कार्यवाह इंजी.ओमप्रकाश पटेल, रामराजा अरजरिया,संजीव शुक्ल होटल असोसिएशन से अविनाश तिवारी,बलवीर गौतम, व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेश सोनी, समाजसेवी परशुराम तिवारी, एडवोकेट महिपाल सिंह, एडवोकेट श्याम बाबू द्विवेदी, सदर शेख रमजान, मुन्नी चाचा,फुरकान काजी खजुराहो, यदि इत्यादि उपस्थित थे।

## शोक संदेश



आप को सूचित करते हुए अत्यंत दुःख हो रहा है की राधेश्याम बाबुलाल गुप्ता (गढ़ा फाटक वाले) जिनका 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

जिनकी अंतिम यात्रा रविवार 16/07/2024 को उनके निवास स्थान कलमना ओम् साईं नगर जुना कामठी रोड से निकल कर कलमना दहन घाट नागपुर सुबह 11 बजे निकाली जाएगी जो की इंद्र कुमार गुप्ता(सागर),शशिकांत गुप्ता(मुन्ना, जबलपुर) के बड़े भाई ,विकास गुप्ता, विवेक गुप्ता के पिता श्री थे।

**9766360856 विवेक गुप्ता ( छोटा बेटा )**

**8055667700 विकास गुप्ता ( बड़ा बेटा )**

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321